कार्यालय संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था), लखनऊ

संख्या:-वाचक/संयुक्त पुलिस आयुक्त-07/2022

दिनांक:दिसम्बर 10,2022

उप निदेशक सूचना,

लखनऊ।

दिनांक 25.12.2022 को क्रिसमस-डे, दिनांक 29.12.2022 को गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती तथा दिनांक 31.12.2022 व 01.01.2023 को नववर्ष-2023 से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम/त्यौहार/पर्व आयोजित होंगे; साथ ही विभिन्न प्रवेश परीक्षाएं आयोजित की जायेंगी। कोविड-19 वैश्विक महामारी से जन जीवन प्रभावित होता है। कोविड-19 के दृष्टिगत जारी गाइडलाइन तथा कार्यक्रमों/त्यौहारों/पर्वों पर विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है। वर्तमान में विभिन्न पार्टी कार्यकर्ताओं / भारतीय किसान संगठनों एवं विभिन्न प्रदर्शनकारियों द्वारा धरना प्रदर्शन आदि के दृष्टिगत तथा कमिश्नरेट लखनऊ में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 144 दं0प्र0सं0 दिनांक 10.12.2022 से जारी की गयी है।

अत: निदेशानुसार जारी निषेधाज्ञा की 15 प्रति संलग्न कर प्रसारण एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित है।

अपर पुलिस उपायुक्त

कानून एवं व्यवस्था

लखनऊ।